## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की जानकारी ली

# शहर की पेयजल आपूर्ति की कमी को तुरंत सुधारा जाए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

सफाई तथा जलापूर्ति नगर निगम का मूल कार्य है। इसमें कोई कमी रहती है अथवा उचित ढंग से कार्य संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। शहर में सफाई कार्य में सुधार आया है परंतु जलापूर्ति में अभी भी कमी है इसको सुधारा जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले, वह कार्य कर रहे हैं यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि मिशन में पूर्ण की गई नल-जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।



एक जिला एक उत्पाद शासन की प्रायोरिटी की योजना है। योजना समीक्षा में कलेक्टर द्वारा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। योजना में पांच प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, एक स्वीकृत हुआ है 15 अगस्त तक स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए गए।

आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती है अथवा नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर द्वारा अनुविभाग में शेष रहे कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। रतलाम शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए।

डेंगू की बीमारी के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में मेडिसीन रखते हुए वितरण आरंभ करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए गए। बताया गया कि वितरण आरंभ कर दिया गया है।

जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा वन अधिकार पट्टाधारकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा में सभी पट्टाधारकों को लाभान्वित किया जाना है। 6 माह के भीतर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, उनकी भूमि पर मनरेगा से कार्य होगा। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी आदिवासी किसान के खेत पर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। किस प्रकार कार्य किए जाना है, कौन-सा कार्य लिया जा सकता है देखा जाएगा। सर्वेक्षण 15 दिवस में पूरा होगा। प्रत्येक आदिवासी किसान की व्यक्तिगत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी। जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी 31 अगस्त को योजना का प्रेजेंटेशन देंगे। इस काम को व्यक्तिगत कार्य के रूप में लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

स्वदेश

स्वदेश 10/8/21

टीकाकरण

# कलेक्टर कार्यालय परिसर में विदेश यात्रा वाले 523 लोगों को लगा वैक्सीन



रतलाम. विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित वैक्सीनेशन केंद्र पर वैक्सीन लगाए जाने का कार्य लगातार चल रहा है। अब तक उक्त केंद्र पर 523 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। यहां पर विदेश यात्रा करने वाले लोगों के दस्तावेजों का परीक्षण करके उनका वैक्सीनेशन किा जा रहा है। प्रथम डोज के 28 दिन बाद एवं 84 दिवस के पूर्व वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने की सुविधा प्रचलित आगामी 31 अगस्त तक रहेगी। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि उक्त कार्य में सैयद अली अहमद नकवी, भंवरलाल सिलावट, मुख्तार अली खान, हिम्मतसिंह डोडिया, विजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। पत्रिका

पत्रिका 10/8/21

## अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले 523 व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया गया



रतलाम। रतलाम जिले से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के वैक्सीनेशन का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि 523 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के दस्तावेजों का परीक्षण करके टीकाकरण किया जा रहा है। प्रथम डोज के 28 दिवस पश्चात एवं 84 दिवस के पूर्व वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने की सुविधा प्रचलित आगामी 31 अगस्त तक रहेगी। उक्त कार्य में सैयद अली अहमद नकवी, भंवरलाल सिलावट, मुख्तार अली खान, हिम्मतसिंह डोडिया, विजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज

राज एक्सप्रेस 10/8/21

## अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले 523 को लगा टीका

भास्कर

रतलाम | जिले से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों को कलेक्टोरेट में विशेष तौर पर वैक्सीनेट किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि सोमवार तक ऐसे 523 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों के दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही टीका लग रहा है। पहले डोज के 28 दिन बाद व 84 दिन के पहले वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने की सुविधा आगामी 31 अगस्त तक रहेगी।

## आज गर्भवती महिलाओं को लगेगी वैक्सीन

सोमवार को गर्भवती महिला का वैक्सीनेशन किया जाएगा। गर्भवती महिलाएं अपने नजदीकी सरकारी सेंटर पर जाकर वैक्सीन लगवा सकती हैं। आलोट, ताल, खारवांकला, जावरा, पिपलौदा, सैलाना, बाजना, नामली और रतलाम शहर में एमसीएच भवन में वैक्सीन लगेगी। गर्भवती महिलाओं के लिए 500 डोज की व्यवस्था रहेगी।

## अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले 523 व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया गया

नवभारत

रतलाम। रतलाम जिले से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के वैक्सीनेशन का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि 9 अगस्त तक 523 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के दस्तावेजों का परीक्षण करके टीकाकरण किया जा रहा है। प्रथम डोज के 28 दिवस पश्चात एवं 84 दिवस के पूर्व वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने की सुविधा प्रचलित आगामी 31 अगस्त तक रहेगी। उक्त कार्य में सैयद अली अहमद नकवी, भंवरलाल सिलावट, मुख्तारअली खान, हिम्मतसिंह डोडिया, विजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वालों को लगा टीका

स्वदेश

रतलाम ● जिले से अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के टीकाकरण का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरूण पाठक ने बताया कि 9 अगस्त तक 523 नागरिकों का टीकाकरण किया जा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के दस्तावेजों का परीक्षण करके टीकाकरण किया जा रहा है। प्रथम डोज के 28 दिवस पश्चात एवं 84 दिवस के पूर्व वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने की सुविधा प्रचलित आगामी 31 अगस्त तक रहेगी।

स्वदेश 10/8/21

## तीसरी लहर को रोकना है, टीकाकरण को दोबारा गति दें

भोपाल। कोरोना की तीसरी लहर को हर हाल में रोकना है। किसी भी जिले में कोरोना की जांच कम न की जाए। मास्क लगाना, शारीरिक दूरी बनाकर रखने सहित अन्य सावधानियां अनिवार्य रूप से बरती जाए। टीकाकरण के काम को दोबारा गति दी जाए। जिन्होंने पहली डोज लगवा ली है वे दूसरी डोज जरूर लगवाएं। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कोरोना की स्थिति और टीकाकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कही। - ब्यूरो

## अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले 523 को लगाया टीका

रतलाम। जिले से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों का वैक्सीनेशन कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि नौ अगस्त तक 523 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के दस्तावेजों का परीक्षण करके टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें सैयद अली अहमद नकवी, भंवरलाल सिलावट, मुख्तार अली खान, हिम्मतसिंह डोडिया, विजय शर्मा की भूमिका रही है।

पीपुल्स समाचार 10/8/21

जिले में अब तक 107 मामले आए सामने, बीते 3 दिनों में 1830 घरों का हुआ सर्वे, आज से फिर होगा सर्वे

# डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच हड़ताल से सर्वे हुआ ठप

| 01 | 49 | 49 | 1830 | 8368 | 470 | 107 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक माह से डेंगू का फैलाव | वार्ड में डेंगू सर्वे | सर्वे दलों की संख्या | घरों का सर्वे | लोगों की जानकारी ली | डिब्बी होम्योपैथिक दवा वितरण | ड़ेंगू केस एलाइजा लैब द्वारा पुष्टि | मरीज निजी अस्पतालों में भर्ती |

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमी तो अब ड़ेंगू का खतरा पनपने लगा है। अब तक डेंगू के 107 मरीज सामने आ चुके हैं लेकिन राहत की बात यह है कि इससे कोई मौत नहीं हुई है। डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला हर दिन गलियों की खाक छान रहा है। वर्तमान में टीम के द्वारा घर-घर सर्वे कार्य की शुरुआत की गई थी लेकिन तीन दिन के बाद हड़ताल ने सर्वे कार्य को ठप कर दिया है।

शहर में घर-घर दस्तक देकर जानकारी जुटाने का कार्य आशा कार्यकर्ताए कर रही है लेकिन सोमवार को इनकी प्रदेश व्यापी हड़ताल होने से यह सर्वे कार्य नहीं हो सका। अब एक दिन हड़ताल खत्म होने के बाद मंगलवार से फिर से सर्वे कार्य शुरू हो जाएगा। दरअसल सर्वे कार्य के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को साथ में लेकर हर घर पर दस्तक दी जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि किस घर में किस बीमारी से जुड़ा मरीज वर्तमान में है और उसका उपचार चल रहा है या नहीं।

## रतलाम पर निर्भर अन्य जिले

डेंगू मरीज सिर्फ रतलाम नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में तेजी से फैल रहे हैं जिसके लिए शासन की ओर से रतलाम में स्वास्थ्य विभाग की टीम को अन्य जिलों की मदद के लिए कहा जा रहा है। दरअसल रतलाम में मलेरिया विभाग की टीम के द्वारा बेहतर कार्य करते हुए इसकी रफ्तार को रोकने में काफी हद तक सफलता हासिल की है जिसके चलते अन्य जिलों को भी रतलाम से साधन संसाधन उपलब्ध कराए जाने सहित यहां की टीम से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी गई है।



## रतलाम से भेजी जा रही मशीनें और दवा

शहर में डेंगू का खतरा अधिक मनाने के पीछे मुख्य कारण शहर में हर तरफ सड़कों पर पसरे गड्ढे और उनमें भरा बारिश का पानी भी है। शहर की हर तरफ सड़के छलनी हो चुकी है। ऐसे में इन गड्ढों में भरे पानी के बीच डेंगू के मच्छर और लारवा पनपने की संभावना सबसे अधिक है। मलेरिया विभाग के निर्देश पर नगर निगम का अमला दवा छिड़काव का काम भी कर रहा है। वहीं अन्य जिलों में डेंगू को नियंत्रित करने के लिए फागिंग मशीन और दवा के कंटेनर जिला मलेरिया विभाग अपने पास से भेज रहा है। इतना ही नहीं इन मशीनों को चलाने का प्रशिक्षण भी रतलाम से मशीन लेकर जा रहे कर्मचारी दे रहे हैं।

## हालात नियंत्रित है

जिले में डेंगू के प्रकरणों में इजाफा हुआ है लेकिन हालात नियंत्रित है। अन्य जिलों में मामले बढ़ने पर शासन के निर्देश पर रतलाम से फागिंग मशीन और दवा भेजी जा रही है। सर्वे टीम लगातार अभियान के रूप में काम करके जानकारी एकत्र कर रही है।

**- डॉ प्रमोद प्रजापति,** जिला मलेरिया अधिकारी, रतलाम

पत्रिका

पत्रिका 10/8/21

# शहर में रोज 1 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे

## आलोट में 5 गांव के बीच लगेगा कैंप, सीएमएचओ के काम पर कलेक्टर खफा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में आयुष्मान कार्ड की सुस्त गति पर कलेक्टर नाराज हैं। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे के काम में ढिलाई होने पर कलेक्टर ने नाराजगी भी जाहिर की। इसी के साथ सैलाना एसडीएम से भी पूछा कि... आप आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करती भी हो या नहीं। कलेक्टर ने बचे हुए 13 हजार कार्ड जल्द से जल्द बनाने का कहा है।

इधर, जलापूर्ति को सुधारने का भी कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सफाई व जलापूर्ति नगर निगम का मूल काम है। इसमें कोई कमी रहती है या उचित ढंग से काम संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्यक्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को कहा शहर में सफाई काम में सुधार आया है लेकिन जलापूर्ति में अभी भी कमी है, इसको सुधारा जाए। भास्कर

### स्वीकृत करें प्रकरण

कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत कराने, एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव में कैंप लगाने, प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण, अवैध शराब फैक्टरी में जावरा एसडीएम को रिपोर्ट भेजने व आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करने आदि के निर्देश दिए।

दै. भास्कर 10/8/21

# जलप्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाने का रखे लक्ष्य,ओर सुधार करें

रतलाम। सफाई तथा जलापूर्ति नगर निगम का मूल कार्य है। इसमें कोई कमी रहती है अथवा उचित ढंग से कार्य संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। शहर में सफाई कार्य में सुधार आया है परंतु जलापूर्ति

## ▸ समय सीमा की बैठक में निगम अधिकारियों को दिए निर्देश

में अभी भी कमी है इसको सुधारा जाए।

यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े तथा सभी अधिकारी उपस्थित थे। इसी प्रकार कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले, वह कार्य कर रहे हैं यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि मिशन में पूर्ण की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए



गए। एक जिला एक उत्पाद शासन की प्रायोरिटी की योजना है। योजना समीक्षा में कलेक्टर द्वारा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। योजना में पांच प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, एक स्वीकृत हुआ है 15 अगस्त तक स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती है अथवा नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर द्वारा अनुविभाग में शेष रहे 13 जार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। रतलाम शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए। डेंगू की बीमारी के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन रखते हुए वितरण आरंभ करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए गए। बताया गया की वितरण आरंभ कर दिया गया है। जावरा में विगत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के दृष्टिगत जावरा एसडीएम को शीघ्र रिपोर्ट भेजने को कहा गया जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करना है। नवभारत

## जिपं के मनरेगा परियोजना अधिकारी 31 को देंगे प्रेजेंटेशन

जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा वन अधिकार पट्टाधारकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा में सभी पट्टाधारकों को लाभान्वित किया जाना है। 6 माह के भीतर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, उनकी भूमि पर मनरेगा से कार्य होगा। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी आदिवासी किसान के खेत पर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। किस प्रकार कार्य किए जाना है, कौन सा कार्य लिया जा सकता है देखा जाएगा। सर्वेक्षण 15 दिवस में पूरा होगा। प्रत्येक आदिवासी किसान की व्यक्तिगत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी। जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी 31 अगस्त को योजना का प्रेजेंटेशन देंगे। इस काम को व्यक्तिगत कार्य के रूप में लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

नवभारत 10/8/21

## लापरवाह कर्मचारियों को दिया गया नोटिस

रतलाम। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के निरीक्षण के दौरान डिवाइडर पर 4 मवेशी बैठे पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के डिवाइडर पर 4 मवेशी बैठे पाए जाने पर मवेशी पकड़ने हेतु नियुक्त गैंग के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, कैलाश-नन्दलाल, हीरालाल-गबरू, मेहफुज-कालेखां, पुनमचन्द-रतन, कमलेश-त्रिलोकचन्द, राधेश्या-भंवर, रामू-राजू व संजय-सत्यनारायण का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

स्वदेश 10/8/21

## स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, दरोगा का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर मवेशी पकड़ने हेतु नियुक्त गैंग के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, कैलाश-नन्दलाल, हीरालाल-गबरू, मेहफुज-कालेखां, पुनमचन्द-रतन, कमलेश-त्रिलोकचन्द, राधेश्या-भवंर, रामु-राजू व संजय-सत्यनारायण का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

राज एक्सप्रेस 10/8/21

## वेतन अंतर की राशि देने की मांग

रतलाम. नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन ने विनियमित कर्मचारियों को वेतन के अंतर का भुगतान करने की मांग की है। संगठन अध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को इसके लिए पत्र लिखा है। इसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 1 सितंबर 2016 से विनियमित करने के आदेश थे, लेकिन नगर निगम में 7 अक्टूबर 2017 को यह कार्य किया गया। इसलिए सितंबर 2017 से 6 अक्टूबर 2017 के बीच के वेतन की अंतर की राशि दी जाए।

पत्रिका 10/8/21

# सफाई में कुछ सुधार, जल वितरण व्यवस्था में कमी

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सफाई व जल वितरण नगर निगम का मूल कार्य है। इसमें कोई कमी रहती है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचि- लगता है। सफाई में सुधार आया है, लेकिन जल वितरण में अभी भी कमी है। इसको सुधारा जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले। वे कार्य कर रहे हैं यह दिखाई भी देना चाहिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि मिशन में पूर्ण की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

**आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर नाराजगी**

आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के प्रति असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती हैं अथवा नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर ने अनुविभाग में शेष रहे 13 हजार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम आलोट को हर पांच गांव पर एक कैंप लगाने व रतलाम शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए।

**अवैध शराब फैक्ट्री पर विभागीय जिम्मेदारी तय होगी**

बैठक में कलेक्टर ने जावरा एसडीएम को निर्देशित किया कि वे गत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के को लेकर शीघ्र रिपोर्ट भेजें, जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।

**वनाधिकार पट्टों पर मनरेगा से कार्य होगा**

जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा वन अधिकार पट्टाधारकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा में सभी पट्टाधारकों को लाभान्वित किया जाना है। छह माह के भीतर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, उनकी भूमि पर मनरेगा से कार्य होगा। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी आदिवासी किसान के खेत पर जाकर 15 दिन में सर्वेक्षण पूरा करेंगे। किस प्रकार कार्य किए जाना है, कौन सा कार्य लिया जा सकता है देखा जाएगा।

नईदुनीया 10/8/21



# इंदौर की तर्ज पर रतलाम में बनेगी 56 दुकान

## लोकेन्द्र भवन के सामने बनेगा भव्य फूड पार्क, कलेक्टर ने निरीक्षण

रतलाम। स्वाद एवं खानपान के लिए मशहुर हमारे शहर में अब भव्य फुड पार्क निर्माण की और कदम बढ़ गए है। लोकेन्द्र भवन के सामने अभी जहा कुछ सब्जी वालों, मुर्तिकारों या अन्य लोगो का कब्जा है उन्हे हटाते हुए निगम यहा भव्य फुड पार्क बनवाएगा। इंदौर की 56 दुकानों की तरह इस फुड पार्क को कैसे तैयार किया जाए। इसको लेकर अब निगम ड्राइंग व डिजाइन तैयार करवाएगा।

कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व नगर निगम के इंजीनियरों के साथ लोकेन्द्र भवन के सामने पुरानी सब्जी मण्डी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मण्डी में अवैध कब्जेधारी, मूर्तिकार जिन्होने अनाधिकृत रूप से स्थल पर कब्जा किया हुआ है उन्हे हटाने जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। साथ ही यहां इंदौर की 56 दुकानों की तरह भव्य फुड पार्क निर्माण की संभावनाओं को देखा और इस हेतु कन्सलटेंट नियुक्त कर ड्राईंग व डिजाईन तैयार करवाये जाने के निर्देश निगम को दिए। अगर यह काम होता है तो खानपान के लिए मशहुर हमारे शहर में एक ऐसा स्थान भी तय हो जाएगा जहा शहर के रहवासियों और बाहर से आने वाले लोगों के लिए खानपान के उचित इंतजाम होंगे।

इस निरीक्षण के साथ ही कलेक्टर ने निगम आयुक्त के साथ पालोग्राउण्ड में रूके हुए पेवेलियन निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि 1 माह की समयावधि में समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जाये साथ की निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान कावेंट स्कूल तिराहे से दो बत्ती चौराहे तक फोरलेन सड़क का कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा पोलोग्राउण्ड की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की जानकारी लिये जाने पर कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल द्वारा बताया गया कि कार्य के संबंध में निविदा जारी कर दी गई है शीघ्र ही बाउण्ड्रीवॉल निर्माण प्रारंभ करवाया जायेगा।बाल चिकित्साल में ननि द्वारा कराये जा रहे रिनोवेशन कार्य का कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ये कार्य 14 अगस्त तक पूर्ण किया जाये साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान एमपीईबी के डी.ई.विनय प्रताप सिंह, ट्रॉफिक टीआई बघेल, कार्यपालन यंत्री जी.के.जायसवाल, सहायक यंत्री ष्याम सोनी, उपयंत्री अनवर कुरेशी, ठेकेदार रूपेश पिरोदिया, अनुज धनोतिया आदि मौजूद रहे।

राजएक्सप्रेस 10/8/21

# मेडिकल कॉलेज में इलाज शुरू करें-कोठारी

## शहर में बढ़ रहे डेंगू और वायरल के मरीज, अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है...

**रतलाम, नप्र।** शहर में डेंगू तथा वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। शहर में चारों ओर मरीजों की संख्या तेज रफ्तार से बढ़ रही है। कई मोहल्लें, गलियों और पिछड़ी बस्तियों में आमजन इन बीमारियों से पीड़ित है।

कोरोना की दूसरी लहर से राहत मिलने से पहले ही शहर वायरल व डेंगू जैसी घातक बीमारियों की चपेट में आ गया है, जबकि कोरोना की तीसरी लहर की सुगबुगाहट हो रही है। शहर की जनता को सालों से राहत के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहे है। वहां पर प्रशासन का अमला भी कुछ कर नहीं पा रहा है। पिछले दो तीन सालों से शहर की बदहाल सड़कों की हालात को बारिश ने और ज्यादा खराब कर दिया है। जानलेवा गड्ढों मे पानी भर जाने से मच्छरों का साम्राज्य बढ़ता जा रहा है जिससे शहर में वायरल बुखार व डेंगू की बीमारियां तेजी से पैर पसार रही है। जानलेवा गड्ढों के कारण हादसे भी हो रहे है। शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। नाले व नालियां गंदगी से भरी होने से भी मच्छरों बढ़ते जा रहे है लेकिन ना तो सफाई हो रही है और नहीं दवा का छिड़काव। प्रदेश के पूर्व मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता हिम्मत कोठारी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल ने निगम प्रशासक व कलेक्टर को जनहित में सुझाव देकर कहा कि शहर व जिले मे डेंगू व वायरल बुखार के मरीजों की तेजी से बढ़ रही संख्या को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में इलाज का इंतजाम करने को कहा है।

आमजनों के समुचित इलाज के साथ डेंगू वायरल की मुफ्त जांच की व्यवस्था मेडिकल कालेज में कोरोना की तर्ज पर स्पेशल वार्ड बना कर शुरू करने की मांग की गई। जिला अस्पताल में भी उपचार, जांच एवं दवाइयों का इंतजाम करने को कहा ताकि मरीजों को राहत मिल सके। कोठारी व नेताद्वय ने कलेक्टर से स्वास्थ अमले को सक्रिय कर शहर में डेंगू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाने, नगर निगम व मलेरिया विभाग को कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। जानकारी मनीष शर्मा ने दी।

प्रा.की.७

## 750 बिस्तरों का अस्पताल अक्टूबर तक

**रतलाम, नप्र।** सरकारी मेडीकल कॉलेज में 750 बिस्तरों वाला अस्पताल अक्टूबर तक शुरू होगा। इसकी तैयारियां लगातार जारी है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलेज के डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता के साथ अस्पताल के लिए किए जाने वाले कामों की मसीक्षा की। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को भरोसा दिलाया किया कि वे विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री से चर्चा कर शासन स्तर पर लंबित शेष कार्यो को जल्द पूरा कराएंगे।

प्रबंधन ने बैठक में बताया कि अस्पताल के लिए जरूरी नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ की भर्ती हो चुकी है। कई जरूरी उपकरण भी आ चुके हैं जिनकी स्थापना का काम चल रहा है। अस्पताल के लिए फर्नीचर व बेड आदि भी आ चुके हैं। कुछ उपकरण आना बाकी तो तकनीकी रूप से कुछ उपकरणों की फीटिंग के लिए विशेषज्ञ दल आना अभी बाकी है।

## आज 52 जगह टीके

**रतलाम, नप्र।** जिले में कोविड के टीके लगने का काम लगातार जारी है। अब तक जिले में 6 लाख 90 हजार 852 कोविड के टीके लगाए जा चुके हैं। 1 लाख 13 हजार 653 लोग कोविड का दूसरा टीका लगवा चुके हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने सभी लोगों को कोविड का दूसरा टीका जरूरी रूप से लगवाने का अनुरोध किया है। बताया कि जिले में आज सोमवार को रतलाम शहर के न्यू कलेक्टोरेट केन्द्र पर विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कोविशील्ड का टीका लगाया जा रहा है।

प्रभात किरण 9/8/21

# स्वतंत्रता दिवस के जश्न की शुरू हुई तैयारी



**रतलाम.** स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर जिला मुख्यालय पर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। मुख्य समारोह जिला पुलिस लाइन के पुलिस परेड ग्राउंड पर होगा जिसके लिए यहां पर तैयारियां शुरू हो चुकी है। परेड ग्राउंड पर सुबह-शाम पुलिसकर्मी परेड का पूर्वाभ्यास करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बारिश के चलते मैदान में उगी घास को हटाने का काम भी यहां पर लगातार चल रहा है।

पत्रिका

पत्रिका 10/8/21

# कॉलोनियों की समस्या को लेकर विरोध, समता परिसर के मुख्य द्वार पर चक्काजाम किया



रतलाम | वार्ड क्रमांक 27 की हाकीमवाड़ा क्षेत्र की जय भारत नगर, सुदामा परिसर, सूरजमल जैन नगर, एकता कॉलोनी,. अरिहंत कॉलोनी में पानी, कीचड़, साफ-सफाई, सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, शहर कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, आजाद मोहम्मद, सतीश गिरी, हुसैन खान, मो. अकरम कान, जाकिर हुसैन, विमला, पुष्पा, नूरी खान, ललिता बाई व रहवासी मौजूद रहे।

दे.भास्कर 10/8/21

# डेंगू के दो नए मरीज मिले, एक बांगरोद से

## आज से सभी सरकारी कार्यालयों में सर्वे करेगी मलेरिया विभाग की टीम

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को जिला अस्पताल की लैब से एलायजा टेस्ट की 26 रिपोर्ट में दो नए मरीज मिले हैं। बांगरोद में फिर एक मरीज सामने आया है और एक मरीज रेलवे कालोनी का है। अब जिले में इस साल मिले डेंगू मरीजों की संख्या 96 पहुंच गई है। रोकथाम व बचाव के लिए मंगलवार से सभी सरकारी कार्यालयों में मलेरिया विभाग की सर्वे टीम जाएगी और होम्योपैथी दवा का वितरण करेगी।



डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग करते हुए कर्मचारी। ●नईदुनिया

इस वर्ष गत वर्ष से करीब तीन गुना मरीज अधिक मिले हैं। वहीं 22 से अधिक संदिग्ध मरीज हैं, जिनमें किट जांच से कोरोना की पुष्टि हुई है। दोनों तरह की रिपोर्ट में मिले मामले की संख्या 118 हो गई है।

**आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल, नहीं हो पाया फीवर सर्वे**

शहर में दो दिन से फीवर सर्वे भी नहीं हो पाया है। रविवार को आशाओं को ट्रेनिंग दी गई और सोमवार से वे अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थी। इस कारण सर्वे और होम्योपैथी दवा का वितरण प्रभावित हुआ है। मलेरिया विभाग की एंटी लार्वा टीम फागिंग और लार्वा नष्ट कराने के अभियान में लगी है। शहर में नगर निगम के साथ मलेरिया विभाग फागिंग करा रहा है। रोकथाम के प्रयास से कुछ नियंत्रण हुआ है, लेकिन नए मामलों से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर आयुष विभाग ने दवाई वितरण शुरू किया है।

**बारिश के पानी से बढ़ रहे मच्छर**

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सोमवार को दो डेंगू के नए मरीज मिले हैं। जो मरीज मिल रहे हैं उन्हें उपचार दिया जा रहा है। बारिश का पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं। मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों के फैलने का मुख्य कारण मच्छरों का बढ़ना है। वाहक जनित रोगों से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी इकठ्ठा ना होने दें। अपने कूलर की नियमित रूप से सफाई करें। पानी रखने वाले बर्तनों को ढक कर रखें।

**लक्षण दिखते ही उपचार जरूरी**

डेंगू के मुख्य लक्षण अचानक तेज बुखार आना, सिर दर्द, शरीर दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, अत्यधिक कमजोरी भूख में कमी, खाने में स्वाद ना लगना आदि मुख्य हैं। डेंगू का मच्छर सामान्य रूप से दिन के समय काटता है। डेंगू का मच्छर बरसात के मौसम में तथा उसके बाद खासकर जुलाई से नवंबर के दौरान फैलता है। लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर जांच एवं उपचार कराना चाहिए।

### आज देंगे पहली खुराक

सैलाना। संचालनालय आयुष विभाग मप्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले के मलेरिया प्रभावित चार ब्लाक सैलाना, पिपलौदा, बाजना और बिलपांक के 24 ग्रामों में मलेरिया रोग प्रतिरोधक औषधि मलेरिया आफ 200 का वितरण किया जाना है। प्रथम चरण की शुरुआत 10 अगस्त को प्रथम खुराक के साथ होगी। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय हतनारा अनिल मेहता ने बताया कि मलेरिया रोग प्रतिरोधक औषधि के साथ ही डेंगू व अन्य वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए आयुष औषधियों का वितरण जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, आयुष विंग, आयुष औषधालय कलेक्टर कार्यालय तथा जिले के समस्त आयुष औषधालयों पर निशुल्क किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डा. प्रमिला चौहान और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बलराजसिंह चौहान ने आमजन से इन औषधियों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी डा. बलराजसिंह चौहान से 9827267450 पर संपर्क कर सकते हैं।

नईदुनिया 10/8/21

# डेंगू: 2 नए पॉजिटिव, आज से कर्मचारियों को बचाव की दवा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सोमवार को दो नए पॉजिटिव मिले हैं। इनमें एक बांगरोद तो वहीं, दूसरा रेलवे कर्मचारी है। इधर, मंगलवार से सरकारी कर्मचारियों को बचाव की दवा देंगे।

इस साल अगस्त के महीने में ही बड़ी डेंगू मरीजों की संख्या ने सभी को चिंता में डाल दिया है। अब तक 95 से ज्यादा डेंगू के मरीज सामने आ चुके है। जोकि, बड़ी बात है। क्योंकि पिछले साल सितंबर के महीने तक सिर्फ 5 डेंगू के मरीज ही शहर में थे। वहीं, सालभर में 42 केस ही मिले थे। इधर, सोमवार को बांगरोद और रेलवे कॉलोनी के एक-एक व्यक्ति में डेंगू की पुष्टि हुई है। दोनों ही इलाजरत हैं, हालांकि गंभीर नहीं है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया सरकारी कर्मचारियों को मंगलवार से डेंगू की दवा दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग कार्यालयों में इंतजाम किए जाएंगे। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी कार्यालयों में साफ सफाई, स्वास्थ्य की जिम्मेदारी दी जाएगी। भास्कर

### हड़ताल से नहीं हो सका सर्वे

शहर में सर्वे किया जा रहा है। घर-घर टीम जाकर बुखार के मरीजों को ढूंढ रही है। सोमवार को आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर रही। यह प्रदेश स्तरीय थी, इसका असर ये हुआ कि शहर में सर्वे नहीं हो सका।

दै. भास्कर 10/8/21

रतलाम

**निकायों ने भेजे सुझाव** • 2021 का रिजल्ट अगस्त अंत तक संभव, अब तक जारी नहीं हो पाई नए सर्वेक्षण की गाइडलाइन

# अगर तीसरी लहर आई तो 2022 में नहीं होगी सफाई की परीक्षा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

देश में कोरोना के केस बढ़ते रहे और तीसरी लहर आई तो 2022 में सफाई की परीक्षा नहीं होगी। इसके दो प्रमुख कारण हैं। एक तो अब तक 2021 के सर्वे का परिणाम नहीं आ पाया है। इसके अब अगस्त के आखिरी तक आने की संभावना है। दूसरे सरकार नए स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइडलाइन ही तैयार नहीं कर पाई है।



हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं कि सर्वेक्षण का खाका बन चुका है। अब सिर्फ फाइनल नोटिफिकेशन होना बाकी है, जो पुराने सर्वे का परिणाम आने के बाद जारी हो जाएगा। गाइडलाइन बनाने सरकार ने नगरीय निकायों से भी सुझाव मांगे थे जो निगम मई में ही भेज चुकी है। उसके आधार पर सर्वे कैसे होगा, उसके अनुसार ही नए सर्वे की रूपरेखा बनाई जा रही हैं। इन सब से इतर नगर निगम अप्रैल में हुई सर्वेक्षण में बेहतर रैंक मिलने की आस लगाए बैठा है। उसे 6000 में से 4700 अंक मिलने की उम्मीद है। 2020 में 49वीं रैंक मिली थी।

## हर माह मांग रहे सफाई की जानकारी

सरकार हालांकि हर माह एमआईएस (मंथली इन्फर्मेशन सिस्टम) से सफाई की जानकारी मांग रही है। इसमें कचरा उठाव, प्रबंधन, टैक्स, साधन-संसाधन सहित लगभग 60 से ज्यादा पॉइंट हैं। 2022 के सर्वे की गाइडलाइन देरी से भी आई तो सरकार एमआईएस के आंकड़ों के आधार पर ही रैंकिंग निकालेगी। पिछले साल भी अप्रैल से शुरू होने वाली सर्वेक्षण के नियम जून अंत में आए थे।

## नए सर्वे में इन पर रहेगा फोकस

- ठोस एवं तरल, प्लास्टिक, जैव अपघटित, मलयुक्त कीचड़ और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर रहेगा।
- गीला, सूखा, मेडिकल और ठोस कचरे का अलग-अलग स्टोरेज और निपटान।
- नाले-नालियों, सीवरेज टंकी व लाइन सहित अन्य की सफाई 100 फीसदी मशीनों से करने पर जोर।
- निकायों को स्पेशल फंड जारी किया जाएगा।

## 2021 का तैयार हो रहा रिजल्ट, निगम को मिल सकते हैं इतने अंक

### 1. सर्विस लेवल प्रोग्राम

अंक (उम्मीद/निर्धारित)

1800-1900/2400

**प्रयास** - सभी मापदंड को पूरा करते हुए जुलाई से फरवरी तक की तीन तिमाही के डाटा व अन्य डाक्यूमेंट लोड। परीक्षण भी हो चुका।

### 2. सर्टिफिकेशन

अंक (उम्मीद/निर्धारित)

1200-1300/1800

**प्रयास** - ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेशन पार्पात किया, गार्बेज फ्री सिटी 5 स्टार रेटिंग के लिए दावा कर सर्वे भी हो चुका, व्यवस्था जारी।

### 3. सिटीजन वाइस

अंक (उम्मीद/निर्धारित)

1450-1500/1800

**प्रयास** - वोट फॉर सिटी एप, 1969 हेल्पलाइन, एसएस 2021 पोर्टल, स्वच्छता एप का फीडबैक के माध्यम से अब तक 1.48 लाख से ज्यादा लोगों का फीडबैक मिला।

## पिछले 5 सालों में रैंकिंग

| साल | रैंक/शहर |
|---|---|
| 2016 | 79/- |
| 2017 | 48/500 |
| 2018 | 72/4203 |
| 2019 | 62/6000 |
| 2020 | 49/4242 |
| 2021 | रिजल्ट आना बाकी |

*रिजल्ट अगस्त अंत तक आएगा। 2022 की गाइडलाइन का फाइनल नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है पर सर्वेक्षण होगा। राज्य शासन से कमेंट्स मांगे थे, जो भेज दिए गए हैं।*
**नीलेश दुबे,** उपसंचालक, स्वच्छ भारत मिशन, भोपाल

*सफाई व्यवस्था में लगातार कसावट करके नए सर्वे के लिए अभी से तैयारी कर रहे हैं। गाइडलाइन आने पर उसके अनुसार व्यवस्था पर फोकस करेंगे। 2021 के नतीजों में पहले से अच्छी रैंक आने की पूरी उम्मीद है।*
**सोमनाथ झारिया,** निगम आयुक्त

भास्कर

दै. भास्कर 10/8/21

**कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# सफाई, जल आपूर्ति ढंग से नहीं तो निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिह्न

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

सफाई तथा जलापूर्ति नगर निगम का मूल कार्य है। इसमें कोई कमी रहती है अथवा उचित ढंग से कार्य संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। शहर में सफाई कार्य में सुधार आया है परंतु जलापूर्ति में अभी भी कमी है इसको सुधारा जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा सभी अधिकारी उपस्थित थे।



## जल जीवन मिशन की समीक्षा

इसी प्रकार कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले, वह कार्य कर रहे हैं यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि मिशन में पूर्ण की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। एक जिला एक उत्पाद शासन की प्रायोरिटी की योजना है। योजना समीक्षा में कलेक्टर द्वारा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। योजना में पांच प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, एक स्वीकृत हुआ है 15 अगस्त तक स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए गए।

आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती है अथवा नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर द्वारा अनुविभाग में शेष रहे 13 जार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। रतलाम शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए। डेंगू की बीमारी के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन रखते हुए वितरण आरंभ करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए गए। बताया गया की वितरण आरंभ कर दिया गया है। जावरा में विगत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के दृष्टिगत जावरा एसडीएम को शीघ्र रिपोर्ट भेजने को कहा गया जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करना है।

जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा वन अधिकार पट्टाधारकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा में सभी पट्टाधारकों को लाभान्वित किया जाना है। 6 माह के भीतर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, उनकी भूमि पर मनरेगा से कार्य होगा।

पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी आदिवासी किसान के खेत पर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। किस प्रकार कार्य किए जाना है, कौन सा कार्य लिया जा सकता है देखा जाएगा। सर्वेक्षण 15 दिवस में पूरा होगा। प्रत्येक आदिवासी किसान की व्यक्तिगत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी। जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी 31 अगस्त को योजना का प्रेजेंटेशन देंगे। इस काम को व्यक्तिगत कार्य के रूप में लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। २१५

राजएक्सप्रेस 10/8/21

मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना स्थिति एवं वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की

# कोरोना की जांच कम न करें, टीकाकरण को फिर दें गति

**भोपाल ● 9 अगस्त ( ब्यूरो )**
मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के किसी भी जिले में कोरोना की टेस्टिंग कम न की जाए। हमें हर हालत में कोरोना की तीसरी लहर प्रदेश में आने से रोकना है। साथ ही मास्क लगाना, दो गज की दूरी आदि सावधानियां अनिवार्य रूप से बरती जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत पात्र जनसंख्या का वैक्सीनेशन जल्दी से जल्दी किया जाना है। पहले डोज के बाद दूसरा डोज जरूर लगवाएं। दूसरे डोज के बाद ही कोरोना संक्रमण से पूरी सुरक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वैक्सीनेशन कार्य को दोबारा गति दी जाए, बारिश के कारण व्यवधान हुआ था। वैक्सीनेशन के लिए पुनः महाअभियान भी चलाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में कोरोना की स्थिति एवं वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे।

स्वदेश



- ***कोरोना के 10 नए प्रकरण***- *प्रदेश में कोरोना के नए 10 प्रकरण आए हैं। एक्टिव प्रकरणों की संख्या 149 है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी 0.02 प्र. तथा आज की पॉजिटिविटी 0.01 प्र. है। नए साप्ताहिक प्रकरण 108 आए हैं, जबकि इसके पहले के सप्ताह में 106 और उसके पहले के सप्ताह में 86 नए प्रकरण आए थे।*
- ***कोरोना टेस्टिंग बढ़ाएं***-*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 70 हजार कोरोना टेस्ट हो रहे हैं। अशोकनगर, श्योपुर, कटनी, राजगढ़, खरगोन, ग्वालियर, विदिशा, दतिया, रतलाम तथा बालाघाट जिलों में कोरोना टेस्टिंग कम हैं, इन जिलों में टेस्टिंग बढ़ाई जाए।*

## पहला डोज़ 53 प्र. व दूसरा डोज 10 प्र. को लगा

वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश की पात्र जनसंख्या के 53 प्र. व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज एवं 10 प्र. जनसंख्या को दूसरा डोज लगा दिया गया है। अभी तक कुल 2 करोड़ 93 लाख को पहला डोज और 57 लाख लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जा चुका है।

स्वदेश 10/8/21

समीक्षा बैठक

# कलेक्टर बोले नगर निगम अधिकारियों की कार्य क्षमता पर लगता है प्रश्नचिन्ह

## सफाई के प्रति जताया संतोष लेकिन पेयजल आपूर्ति में बेहतर ढंग से सुधार के दिए निर्देश



रतलाम. शहर में सफाई तथा जलापूर्ति नगर निगम का मूल काम है। इसमें कोई कमी रहती है या फिर उचित ढंग से कार्य नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से कही। कलेक्टर ने शहर में सफाई कार्य में सुधार की बात कही साथ ही बताया कि जलापूर्ति में अभी भी कमी है, इसको सुधारा जाए।

इसी प्रकार कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले, वह कार्य कर रहे हैं यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह ने बताया कि मिशन में पूर्ण की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

### सीएमएचओ पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद शासन की प्राथमिकता की योजना है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत के निर्देश दिए गए। योजना में पांच प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, एक स्वीकृत हुआ है, कलेक्टर ने 15 अगस्त तक सभी स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया।

### आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करती हो

कलेक्टर ने एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती हैं या नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर द्वारा अनुविभाग में शेष रहे 13 हजार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए। डेंगू की बीमारी के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में दवाई रखते हुए वितरण आरंभ करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए गए। बताया गया की वितरण आरंभ कर दिया गया हैं। जावरा में विगत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के दृष्टिगत जावरा एसडीएम को शीघ्र रिपोर्ट भेजने को कहा गया जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करना है।

### मनरेगा से होगा कार्य

डेढ़ हजार से ज्यादा वन अधिकार पट्टाधारकों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मनरेगा में सभी पट्टाधारकों को लाभान्वित किया जाना है। 6 माह के भीतर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, उनकी भूमि पर मनरेगा से कार्य होगा। पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विभाग के कर्मचारी आदिवासी किसान के खेत पर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। कौन सा कार्य लिया जा सकता है देखा जाएगा। सर्वेक्षण 15 दिवस में पूरा होगा।

पत्रिका

पत्रिका 10/8/21